# धूल

Question 1.
निमंत्रण-पत्र में गोधूलि बेला में आने के आग्रह को लेखक ने कविता की विडम्बना क्यों कहा है?
(a) गोधूलि का शहरों में कोई काम नहीं
(b) गोधूलि एक विशेष समय को कहा जाता है
(c) गोधूलि एक साहित्यिक शब्द है
(d) जहाँ 'गो' वहीं 'धूलि' इसलिए गोधूलि केवल गाँव की ही सम्पत्ति है।

▼ Answer

Answer: (d) जहाँ 'गो' वहीं 'धूलि' इसलिए गोधूलि केवल गाँव की ही सम्पत्ति है।

---

Question 2.
'गोधूलि' गाँव की संपत्ति क्यों है
(a) क्योंकि 'गाय' गाँव में ही होती है. अत: उनके खुरों से धूल भी गाँव में ही होगी।
(b) इस पर गाँव वालों का ही अधिकार है
(c) शहरियों को गोधूलि से घृणा है
(d) नगरनिवासियों को गोधूलि नहीं प्राप्त होती।

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि 'गाय' गाँव में ही होती है. अत: उनके खुरों से धूल भी गाँव में ही होगी।

---

Question 3.
लेखक ने धूल की महिमा का वर्णन करने के लिए किस रूपक का प्रयोग किया है
(a) नयनतारा
(b) बालकृष्ण
(c) भोलानाथ
(d) उपर्युक्त सभी।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी।
उपर्युक्त सभी का।

---

Question 4.
श्रद्धा, शक्ति और स्नेह की व्यंजना के लिए धूल सर्वोत्तम साधन किस प्रकार है
(a) धूल का स्पर्श करके हम उसके प्रति श्रद्धा प्रकट करते हैं
(b) धूल को मस्तक से लगाकर देश के प्रति भक्ति का परिचय दिया जाता है।
(c) धूल भरे बालक को गोदी में उठाकर हम अपने स्नेह का प्रमाण देते हैं।
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 5.
अभी तो उन्होंने अपने अटूट होने का प्रमाण दिया है-इस कथन में 'उन्होंने' शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ
(a) व्यापारियों के लिए
(b) राजनीतिज्ञों के लिए
(c) किसान, मजदूर और जवानों के लिए
(d) कलाकारों के लिए

▼ Answer

Answer: (c) किसान, मजदूर और जवानों के लिए

---

Question 6.
इस निबंध में 'रामविलास जी' ने किस शैली को अपनाया है
(a) व्यंग्यात्मक शैली
(b) उद्धरण शैली
(c) विचारात्मक शैली
(d) उपर्युक्त सभी शैलियाँ।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी शैलियाँ।

---

Question 7.
"जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए' पंक्ति में कवि मैथिलीशरण ने किसको धूल भरे हीरे कहा है
(a) जो ग्रामीण पृष्ठभूमि और गरीबी के जीवन से ऊपर उठकर देश के लिए महान कार्य करते हैं।
(b) जो देश की उन्नति में सहायक होते है।
(c) जो अच्छे कलाकार होते हैं
(d) जो महान होते हैं।

▼ Answer

Answer: (a) जो ग्रामीण पृष्ठभूमि और गरीबी के जीवन से ऊपर उठकर देश के लिए महान कार्य करते हैं।

---

Question 8.
धनाढ्य वर्ग किस प्रकार अपने को सुंदर दिखाना चाहता है?
(a) अच्छे वस्त्र पहनकर
(b) कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग करके
(c) आभूषणों को पहनकर
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 9.
धूलि को सबसे अधिक महत्त्व किसने दिया है?
(a) हमारे राजनीतिज्ञों ने
(b) हमारे साहित्यकारों ने

(c) किसानों और जवानों ने
(d) साधु-सन्तों ने।

▼ Answer

Answer: (c) किसानों और जवानों ने

---

Question 10.
धूल और मिट्टी में क्या अंतर है
(a) धूल और मिट्टी में कोई विशेष अंतर नहीं है
(b) मिट्टी ठोस रूप को कहा जाता है
(c) मिट्टी जब महीन हो जाती है, तो वह धूल बन जाती है
(d) धूल और मिट्टी में जमीन-आसमान का अंतर है।

▼ Answer

Answer: (c) मिट्टी जब महीन हो जाती है, तो वह धूल बन जाती है

---

Question 11.
जीवन के सार तत्त्वों का मिट्टी से क्या संबंध है
(a) जो सार तत्त्व मिट्टी में है, वह हमारे शरीर में नहीं है
(b) मिट्टी में अनेक खनिज पदार्थ पाए जाते हैं
(c) हमारे शरीर को अनेक तत्त्व धरती से ही प्राप्त होते हैं
(d) जो सार तत्त्व हमारे शरीर में हैं, वे सभी तत्त्व धरती में भी होते हैं।

▼ Answer

Answer: (d) जो सार तत्त्व हमारे शरीर में हैं, वे सभी तत्त्व धरती में भी होते हैं।

---

Question 12.
लेखक ने संसार में किस प्रकार के सुख को दुर्लभ माना है
(a) स्वादिष्ट व्यंजनों के सुख को
(b) देश-विदेश के भ्रमण के सुख को
(c) मिट्टी में खेलने व अखाड़े की मिट्टी में शरीर को रगड़ने के सुख को
(d) भौतिक सुखों को।

▼ Answer

Answer: (c) मिट्टी में खेलने व अखाड़े की मिट्टी में शरीर को रगड़ने के सुख को

---

Question 13.
हमारी सभ्यता धूल से क्यों बचना चाहती है
(a) क्योंकि उनके अनुसार धूल से उनका शरीर गंदा हो जाता है
(b) उनके अनुसार धूल में गँवार लोग रहते हैं
(c) वे अपने को श्रेष्ठ नागरिक समझते हैं
(d) धूल से उनका स्वास्थ्य खराब होता है।

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि उनके अनुसार धूल से उनका शरीर गंदा हो जाता है

---

Question 14.
लेखक बालकृष्ण के मुँह पर छाई-गोधूलि को श्रेष्ठ क्यों मानता है?
(a) धूल स्वास्थ्यवर्धक होती है।
(b) धूल बालकृष्ण के सौंदर्य को कई गुणा बढ़ा देती है
(c) बालकृष्ण की पहचान धूल के ही कारण होती है
(d) ग्रामीण बच्चे धूल से ही अच्छे लगते हैं।

▼ Answer

Answer: (b) धूल बालकृष्ण के सौंदर्य को कई गुणा बढ़ा देती है

---

Question 15.
'धूल' किसका प्रतीक है
(a) जन जागरण का
(b) पवित्रता का
(c) जन संस्कृति का
(d) देश की उन्नति का

▼ Answer

Answer: (c) जन संस्कृति का

---

Question 16.
'धूल' निबंध का उद्देश्य क्या है
(a) ग्रामीण संस्कृति तथा जीवन के महत्त्व को समझाना
(b) 'धूल' के लाभ बताना
(c) शहरी संस्कृति की आलोचना करना
(d) ग्रामीण और शहरी संस्कृति की तुलना करना।

▼ Answer

Answer: (a) ग्रामीण संस्कृति तथा जीवन के महत्त्व को समझाना

---

Question 17.
डॉ. रामविलास शर्मा का जन्म उन्नाव (उत्तर प्रदेश) जिले के ऊँच गाँव-सानी में सन .... हुआ
(a) सन् 1922 में
(b) सन् 1912 में
(c) सन् 1902 में
(d) सन् 1932 में

▼ Answer

Answer: (b) सन् 1912 में

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

ग्राम-भाषाएँ अपने सूक्ष्म बोध से धूल की जगह गर्द का प्रयोग कभी नहीं करतीं। धूल वह, जिसे गोधूलि शब्द में हमने अमर कर दिया है। अमराइयों के पीछे छिपे हुए सूर्य की किरणों में, जो धूलि सोने को मिट्टी कर देती है, सूर्यास्त के उपरांत लीक पर गाड़ी के निकल जाने के बाद, जो रुई के बादल की तरह या ऐरावत हाथी के नक्षत्र-पथ की भाँति जहाँ की तहाँ स्थिर रह जाती है, चाँदनी रात में मेले जाने वाली गाड़ियों के पीछे जो कवि-कल्पना की भाँति उड़ती चलती है, जो शिशु के मुँह पर, फूल की पंखुड़ियों पर साकार सौंदर्य बनकर छा जाती है-धूल उसका
नाम है।

Question 1.
ग्राम-भाषाओं की क्या विशेषता है?
(a) ग्राम-भाषाएँ साहित्यिक होती हैं
(b) ग्राम-भाषाएँ धूल की जगह गर्द का प्रयोग करती हैं
(c) ग्राम-भाषाएँ धूल की जगह गर्द का प्रयोग नहीं करती
(d) ग्राम-भाषाओं में धूल का वर्णन नहीं मिलता।

▼ Answer

Answer: (c) ग्राम-भाषाएँ धूल की जगह गर्द का प्रयोग नहीं करती

---

Question 2.
लीक पर बैलगाड़ी के निकल जाने पर धूल किस प्रकार दिखाई देती है?
(a) रूई के बादलों की तरह
(b) ऐरावत हाथी के नक्षत्र-पथ की भाँति
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) गर्द की तरह दिखाई देती है।

▼ Answer

Answer: (c) उपर्युक्त दोनों

---

Question 3.
धूल किसका नाम है?
(a) जो फूल की पंखुड़ियों पर साकार सौंदर्य बनकर छा जाती है
(b) जो शिशु के मुख के सौंदर्य को बढ़ा देती है
(c) जो चाँदनी रात में मेले में जाने वाली गाड़ियों के पीछे चलती है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 4.
'धूल' किस शब्द के रूप में अमर हो गई?
(a) गोधूलि के रूप में।
(b) रूई के बादल के रूप में
(c) सूर्य की किरणों के रूप में
(d) रेणु के रूप में।

▼ Answer

Answer: (a) गोधूलि के रूप में।

---

Question 5.
निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'धूल' का पर्याय है?
(a) गर्द
(b) रेणु
(c) मिट्टी
(d) कीचड़

▼ Answer

Answer: (a) गर्द

---